YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 12.10.2018**

**DAINIK BHASKAR**

छात्र संघ चुनाव • सीएम के निर्देश- प्रशासन, पुलिस व यूनिवर्सिटी के कुलपति एवं प्रिंसिपल निष्पक्ष चुनाव कराएं

# नामांकन आज, नाम वापसी 13 को, 7 कॉलेजों में 17 को चुनाव

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। 12 अक्टूबर को संबंधित विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में नामांकन भरे जाएंगे। इसके बाद 13 अक्टूबर को नाम वापस लिए जा सकेंगे। फरीदाबाद में वाईएमसीए विश्वविद्यालय तथा सात महाविद्यालयों में छात्र संघ के चुनाव कराए जाएंगे। सीएम मनोहर लाल ने कहा कि 17 अक्टूबर को हरियाणा के सरकारी, एडिड महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में छात्र संघ के चुनाव होंगे। जिला प्रशासन, पुलिस व यूनिवर्सिटी के कुलपति एवं संबंधित कॉलेजों के प्रिंसिपल शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराएं।

## सीएम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से डीसी, एसपी व अधिकारियों के साथ छात्र संघ चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

सीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे संबंधित विश्वविद्यालय एवं कॉलेज के प्रबंधन प्रशासन के साथ मिलकर समय रहते चुनाव योजना बना लें और छात्र संघ चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से कराने के लिए सभी प्रबंध करें। उन्होंने कहा छात्र संघ चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक संबंधित कॉलेजों में पहचान पत्र वाले छात्र ही प्रवेश कर सकेंगे और बाहरी हस्तक्षेप या राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इसलिए यह एक नए प्रकार का चैलेंज है। इसे स्वीकार करते हुए संबंधित अधिकारी व प्रिंसिपल छात्र संघ के चुनाव के लिए अपने प्रबंध सुनिश्चित कर लें।



### चुनाव को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं

सीएम ने कहा, चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न होने तक आउटसाइडर अथवा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबंधित चुनावी शिक्षण संस्थान में प्रवेश की अनुमति न दी जाए। फरीदाबाद में वाईएमसीए विश्वविद्यालय तथा सात महाविद्यालयों में छात्र संघ के चुनाव कराए जाएंगे। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में अतुल कुमार द्विवेदी, एसडीएम फरीदाबाद सतबीर मान, एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम बलीना, हुडा के स्टेट आफिसर अमरदीप जैन मौजूद थे।

### ...इधर छात्र संगठन करेंगे अप्रत्यक्ष चुनाव का बहिष्कार

फरीदाबाद| एनएसयूआई हरियाणा के प्रदेश सचिव कृष्ण अत्री ने बताया प्रत्यक्ष चुनाव छात्र संघर्ष समिति के बैनरतले हुई बैठक में एनएसयूआई, इनसो, एसएफआई, डीएएसएफआई ,एएमवीए, एआईएसएफ, जीबीएसओ, कुसा, सोपू, एवीएसएसओ,जीसीएसयू आदि के प्रतिनिधियों ने सहमति जताई कि सभी छात्र संगठन अप्रत्यक्ष चुनाव का बहिष्कार करेंगे। अप्रत्यंक्ष चुनाव में छात्रों के लोकतांत्रिक हितों का हनन साफ व सीधे रूप से होगा।

# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 12.10.2018**

**HINDUSTAN**

फरीदाबाद LIVE युवा
शुक्रवार, 12 अक्तूबर 2018
हिन्दुस्तान 26

प्रदेशभर के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में चुनाव की प्रक्रिया शुरू, 13 अक्तूबर को जारी होगी उम्मीदवारों की अंतिम सूची

# चुनाव के लिए नामांकन आज, 17 को मतदान

छात्रसंघ चुनाव

1996 में हुए थे अंतिम छात्रसंघ चुनाव | 22 साल बाद बहाल होंगे चुनाव | 03 वर्ष पहले के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में होंगे चुनाव | 293 महाविद्यालयों में कराए जाएंगे चुनाव | 04 लाख 49 हजार 856 छात्र लेंगे चुनाव में हिस्सा | 01 विश्वविद्यालय और 07 महाविद्यालयों में जिले में होंगे चुनाव

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव के लिए 12 अक्तूबर यानी शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया पूरी होगी। शाम तक नामांकन की जांच प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद तुरंत बाद नामांकित उम्मीदवारों की सूची भी उसी दिन जारी कर दी जाएगी।

13 अक्तूबर तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। 17 अक्तूबर को कक्षा प्रतिनिधियों (सीआर) और छात्र काउंसिल के सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान होगा। उधर, चुनाव की यह अधिसूचना जारी होते ही जिला प्रशासन इस बाबत तैयारियों में जुट गया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपायुक्त और पुलिस आयुक्त ने कॉलेज प्रशासन के साथ तालमेल करना शुरू कर दिया है। प्रदेश में 22 साल बाद बहाल होने वाले छात्रसंघ चुनावों को लेकर तैयारियां तेज हो चुकी हैं। सरकार की ओर से चुनावों को लेकर अधिसूचना जारी होने के बाद सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों ने गुरुवार को आनन-फानन में चुनाव संबंधी तैयारियों को लेकर बैठक बुलाई।

**नौ सदस्यीय दल से बनेगा छात्र काउंसिल**

योजना के तहत छात्र काउंसिल में कुल नौ मुख्य सदस्य शामिल होंगे। कॉलेज और विश्वविद्यालय में हर कक्षा में एक सीआर चुना जाएगा।

इन्हीं सीआर में से छात्र काउंसिल का गठन होगा। इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव के अलावा पांच कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे। सीआर के लिए प्रत्यक्ष रूप से मतदान प्रक्रिया पूरी होगी।



फरीदाबाद जेसी बोस विश्वविद्यालय में गुरुवार को छात्र चुनाव की घोषणा होने पर छात्रों ने प्रसन्नता जाहिर की। • हिन्दुस्तान

## उपायुक्त ने शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव के निर्देश दिए

लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में उपायुक्त उपायुक्त अतुल कुमार द्विवेदी ने छात्र संघ चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए अधिकारियों को जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने तक शिक्षण संस्थानों में बाहरी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रवेश ना दिया जाए। कानून व्यवस्था व सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की तैनाती के भी निर्देश दिए हैं। जिले में वाईएमसीए विश्वविद्यालय और सात महाविद्यालयों में चुनाव होने हैं। इसके लिए प्रशासन स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## कक्षा प्रतिनिधि का नामांकन

योजना के तहत 12 अक्तूबर को सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में सुबह 10 बजे तक छात्र कक्षा प्रतिनिधि के लिए नामांकन भरेंगे। उसी दिन सूची जारी कर दी जाएगी। 13 अक्तूबर को आपत्ति और नामांकन वापसी प्रक्रिया के बाद फाइनल सूची जारी होगी। इसके बाद 17 अक्तूबर को सुबह सीआर और दोपहर को छात्र काउंसलिंग के सदस्यों के चुनाव होंगे।

## छात्राओं के लिए आरक्षित पद

हर कॉलेज और विश्वविद्यालय में बनने वाली छात्र काउंसिल के चार मुख्य पदाधिकारियों में से एक पद छात्राओं के लिए आरक्षित होगा। सहशिक्षा संस्थानों में हर साल चुनाव से पहले ड्रॉ के आधार पर ये फैसला लिया जाएगा कि किस पद पर छात्रा उम्मीदवार को चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा। इसके बाद उसी आधार पर नामांकन मांगे जाएंगे।

## ये रहेगी चुनाव प्रक्रिया

- 12 अक्तूबर - 10 बजे तक नामांकन प्रक्रिया
- 12 अक्तूबर - 04 बजे तक फॉर्म की छंटनी
- 12 अक्तूबर - 05 बजे नामांकित उम्मीदवारों की सूची जारी
- 13 अक्तूबर - 10 बजे तक आपत्ति दर्ज
- 13 अक्तूबर - 12 बजे तक नामांकन वापसी
- 13 अक्तूबर - 04 बजे तक फाइनल सूची जारी
- 17 अक्तूबर - 9.30 से 11.30 तक सीआर चुनाव
- 17 अक्तूबर - 01 बजे तक परिणाम जारी
- 17 अक्तूबर - 3.30 से 5.30 तक काउंसिल के चुनाव
- 17 अक्तूबर - 06 बजे तक परिणाम जारी

## ये आचार संहिता रहेगी लागू

- 5 हजार तक तक कर सकेंगे चुनाव के लिए खर्च
- प्रिंटेड पोस्टर या पंफलेट का नहीं होगा इस्तेमाल
- हाथों से बने पोस्टर का कर सकेंगे इस्तेमाल
- छात्रसंगठन के बैनर तले नहीं होगा प्रचार
- कॉलेज में बगैर व्यवधान के एक बैठक कर सकेंगे
- लाउडस्पीकर, जानवर या वाहनों का नहीं होगा इस्तेमाल
- शांतिपूर्वक तरीके से चुनाव प्रक्रिया में करेंगे सहयोग
- बाहरी लोग नहीं लेंगे किसी प्रक्रिया में हिस्सा
- परिणाम के 48 घंटों में उम्मीदवार करेंगे मतदान केंद्र साफ

## सीआर नामांकन के लिए योग्यताएं

- 75 फीसदी उपस्थिति होना अनिवार्य
- 17 से 22 आयुवर्ग स्नातक के लिए
- 25 वर्ष तक आयुसीमा स्नातकोत्तर के लिए
- पूर्व वर्ष के सारे विषय में उत्तीर्ण होना जरूरी
- कोई आपराधिक रिकॉर्ड ना हो दर्ज
- गैप ईयर वालों को मौका नहीं
- फुल टाइम नियमित छात्र लड़ सकेंगे चुनाव

## एमडीयू के कॉलेज रविवार को भी खुलेंगे

छात्रसंघ चुनावों के मद्देनजर शनिवार और रविवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) से संबद्ध सभी कॉलेज खुले रहेंगे। एमडीयू के कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र कुमार भारद्वाज ने सूचना जारी कर बताया कि 17 अक्तूबर को आयोजित होने वाले चुनाव को लेकर 13 व 14 अक्तूबर को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों, कार्यालयों, शाखाओं तथा संबद्ध महाविद्यालयों में अवकाश नहीं होगा।

## वाईएमसीए में चुनाव कार्यक्रम जारी

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने विश्वविद्यालय कार्यकारी विद्यार्थी परिषद् के गठन के लिए गुरुवार को बैठक कर चुनाव कार्यक्रम घोषित किया। संस्थान में डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान को विश्वविद्यालय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि चुने गए सदस्य विश्वविद्यालय की प्रगति व अकादमिक विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने सभी से परिसर में शांति व अकादमिक माहौल बनाए रखने की अपील की। विश्वविद्यालय में संयुक्त सचिव का पद छात्रा के लिए आरक्षित किया गया है।

# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 12.10.2018**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए ने छात्र चुनाव का कार्यक्रम किया घोषित

- आज से नामांकन कर सकते हैं विद्यार्थी
- 17 अक्तूबर को घोषित होंगे नतीजे

फरीदाबाद, 11 अक्तूबर (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद ने अकादमिक वर्ष 2018-19 के लिए 'विश्वविद्यालय कार्यकारी विद्यार्थी परिषद्' के गठन के लिए छात्र चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया है तथा छात्र चुनाव के सुचारू संचालन के लिए डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान को विश्वविद्यालय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। विश्वविद्यालय में छात्र चुनाव 17 अक्तूबर, 2018 को होंगे। विश्वविद्यालय ने अपनी कार्यकारी की बैठक में छात्र चुनाव करवाने के लिए गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों को अनुमोदित किया।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा के महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय में 22 वर्षों के अंतराल के बाद छात्र चुनाव आयोजित किये जा रहे है। विंश्वविद्यालय में पहले विद्यार्थी परिषद् चुनाव के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि छात्र चुनाव विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ संरचित साझेदारी में विश्वविद्यालय की प्रगति व अकादमिक विकास के लिए काम करने का अवसर प्रदान करते है। उन्होंने विद्यार्थियों से चुनाव के दौरान परिसर में शांति व अकादमिक माहौल बनाये रखने की अपील भी की है।



*खुशी मनाते हुए छात्र।*

***4 पदाधिकारी व 5 सदस्य होंगे:*** विश्वविद्यालय कार्यकारी विद्यार्थी परिषद् में 4 पदाधिकारी तथा 5 सदस्य रहेंगे। परिषद् के पदों में एक पद अध्यक्ष, एक पद उपाध्यक्ष, एक पद सचिव तथा एक पद संयुक्त सचिव का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त सचिव का पद लॉटरी के ड्रा से छात्रा उम्मीदवार के लिए आरक्षित कर दिया है। इसके अलावा, परिषद् के पांच सदस्य विभिन्न संकायों से होंगे।

इनमें दो सदस्य फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग व टैक्नोलॉजी, एक-एक सदस्य फैकल्टी ऑफ ह्युमेनिटीज व साइंसेज, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट तथा फैक्ल्टी आफ इंफोमैटिक एंड कम्प्यूटिंग से होगा। कार्यक्रम के अनुसार, पात्र विद्यार्थियों से कक्षा प्रतिनिधियों के लिए 12 अक्तूबर, 2018 को सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक नामांकन आमंत्रित किये गये है, जिसके लिए नामांकन फार्म संबंधित विभागाध्यक्षों के कार्यालय से प्राप्त किये तथा जमा किये जा सकते है। इसी दिन नामांकन फार्म की छंटाई भी की जायेगी और सायं 5 बजे नामांकित उम्मीदवारों की सूची प्रदर्शित की जायेगी। नामांकन उम्मीदवारों के संबंध में आपत्तियां 13 अक्तूबर, 2018 को सुबह 10 बजे तक प्राप्त की जायेगी। इसी दिन दोपहर 12 बजे तक नामांकित उम्मीदवारों को नाम वापसी की अनुमति दी जायेगी और उम्मीदवारों की अंतिम सूची 13 अक्तूबर को सायं 4 बजे प्रदर्शित की जायेगी। सभी कक्षा प्रतिनिधियों के चुनाव संबंधित विभागों में 17 अक्तूबर को प्रात: 9:30 बजे से प्रात: 11:30 बजे आयोजित किये जायेंगे। चुनाव के तुरंत बाद इसी दिन मतगणना होगी तथा 17 अक्तूबर को दोपहर 1 बजे कक्षा प्रतिनिधियों के परिणाम घोषित कर दिये जायेंगे।

## पुलिस की भी ली जाएगी मदद

विश्वविद्यालय ने सुचारू चुनाव करवाने तथा अनुशासन बनाये रखने के लिए जरूरी कदम उठाये है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में बाहर के विद्यार्थियों तथा अनाधिकृत वाहनों के प्रवेश पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी गई है। विश्वविद्यालय पुलिस व जिला प्रशासन के साथ निरंतर संपर्क में है और चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक विश्वविद्यालय में कानून व व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती का आग्रह किया गया है।

## 17 अक्तूबर को होगा चुनाव

कक्षा प्रतिनिधियों के चुनाव के बाद 17 अक्तूबर को कार्यकारी विद्यार्थी परिषद् के पदाधिकारियों तथा सदस्यों का चुनाव विश्वविद्यालय के मल्टीमीडिया सेंटर में होगा, जिसमें सभी चुने गये कक्षा प्रतिनिधि दोपहर 2 बजे से 2:30 बजे तक विभिन्न पदों के लिए अपना नामांकन भर सकेंगे। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच व छंटाई की जायेगी तथा उम्मीदवारों को नामांकन वापसी का समय दिया जायेगा और दोपहर 3:30 बजे तक कार्यकारी विद्यार्थी परिषद् के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी जायेगी। इसी दिन दोपहर 3:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक मतदान होगा और मतदान के तुरंत बाद मतगणना की जायेगी और सायं 5:45 बजे तक चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जायेगा।

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 12 October 2018
epaper.punjabkesari.in/c/33041807

**NEWS CLIPPING: 12.10.2018**

**NAVBHARAT TIMES**

## जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने जारी किया कार्यक्रम

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी ने छात्र संगठन चुनावों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। चुनावों के लि डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। कुलपति प्रफेसर दिनेश ने बताया कि सीआर के लिए 12 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नामांकन दाखिल होंगे। नामांकन फॉर्म संबंधित विभागाध्यक्षों के कार्यालय से लेकर वहां पर ही जमा कराए जा सकते हैं। 13 अक्टूबर को नामांकन वापस लेने के बाद शाम 4 बजे उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। उसके बाद 17 अक्टूबर को सुबह साढ़े 9 बजे से साढ़े 11 बजे तक वोटिंग होगी। दोपहर एक बजे क्लास प्रतिनिधियों की घोषणा कर दी जाएगी।

सीआर का चुनाव होने के बाद 17 अक्टूबर को कार्यकारी विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों का चुनाव मल्टीमीडिया सेंटर में होगा, जिसमें सभी चुने गए सीआर दोपहर 2 बजे से ढाई बजे तक नामांकन भर सकेंगे। इसके बाद नामांकन की जांच व छंटाई की जाएगी। नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया पूरी कर साढ़े 3 बजे उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। इसी दिन साढ़े 3 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक वोटिंग होगी। उसके तुरंत बाद मतगणना कर 5 बजकर 45 मिनट पर परिणाम घोषित किया जाएगा। डॉ. नरेश चौहान ने बताया कि चुनाव लड़ने के नियम यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। चुनाव के दौरान यूनिवर्सिटी में अनुशासन बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं। इसके तहत यूनिवर्सिटी परिसर में बाहर के स्टूडेंट्स व अनाधिकृत वाहनों के प्रवेश के प्रवेश पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी गई है। यूनिवर्सिटी पुलिस व जिला प्रशासन के साथ निरंतर संपर्क में है।